Class - 2 Sub.- Hindi Gr. Chapter - 2

इनके अलावा भी हिंदी भाषा में कुछ वर्ण होते हैं–

**संयुक्त व्यंजन**– 'क्ष, त्र, ज्ञ, श्र' ये चार वर्ण संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

**ड़, ढ़** – इन वर्णों से किसी भी शब्द की शुरुआत नहीं होती है; जैसे– सड़क, पढ़ना आदि।

**अं, अः** – ये अयोगवाह कहलाते हैं।

### आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन (उच्चारण, अर्थबोध-भाषण)

- कुछ भी बोलते समय मुँह से **ध्वनियाँ** निकलती हैं।
- वर्ण के टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं।
- वर्णों के निश्चित क्रम को **वर्णमाला** कहते हैं।
- वर्ण दो तरह के होते हैं– **स्वर** और **व्यंजन**।
- हिंदी में **ग्यारह स्वर** और **तैंतीस व्यंजन** होते हैं।

संयुक्त व्यंजन
क् + ष = क्ष
त् + र = त्र
ज् + ञ = ज्ञ
श् + र = श्र

## अभ्यास

### मौखिक

कौशल-बोलना (बोध, संवाद)

1. मोतियों से मोती की माला बनती है और वर्णमाला किससे बनती है?
2. कमल शब्द का 'क' स्वर है या व्यंजन?

### लिखित

कौशल-लेखन (व्याकरण, शब्दावली, लिखावट)

1. सही उत्तर में ✓ निशान लगाइए और उसी शब्द से खाली जगह भरिए–

(क) बोलते समय हमारे मुख से कुछ .................................. निकलती हैं।

शब्द (X) ध्वनियाँ (✓) वाक्य (X)

(ख) .................................. के टुकड़े नहीं किए जा सकते।

शब्द (X) वर्ण (✓) वाक्य (X)

Class-II Hindi ...

(ग) स्वर ........................ होते हैं।

11 (✓) 33 (✗) 20 (✗)

(घ) व्यंजन ........................ होते हैं।

6 (✗) 11 (✗) 33 (✓)

2. चित्रों को ध्यान से देखिए और पहला वर्ण ( अक्षर ) बदलकर नए शब्द बनाइए–



जोड़ा — घोड़ा



साथी — हाथी



शोर — मोर



खिड़की — लड़की



सस्ता — बस्ता



हरी — परी



हल — नल



पर — घर

3. चाँद में छिपे स्वरों तथा व्यंजनों को छाँटकर तारों में लिखिए–

च ह अ प छ इ आ उ फ ई क ऋ

स्वर: अ, इ, उ, ऋ, ई, आ

व्यंजन: क, च, छ, ह, फ, प



HW 18/7/20

4. फूलों को एक धागे में पिरोने से माला बन जाती है और वर्णों को क्रम में लगाने से वर्णमाला बन जाती है। अगर हम सब एक साथ मिलकर रहेंगे, तो क्या बन जाएँगे?


मूल्यपरक प्रश्न

बलवान ◯ कमज़ोर ◯ धनवान ◯

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन ( विचार, भाव, लिखावट )

- बिंदुओं को मिलाकर चित्र पूरा कीजिए, उसमें रंग भरिए तथा उस चित्र का नाम लिखकर यह भी बताइए कि उसका नाम स्वर या व्यंजन से शुरू होता है?



नाम – ........................



नाम – ........................